बस्तर जिले के विधान सभा क्षेत्रों के लिए मतदान 12 नवंबर को

आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभावशील

जगदलपुर 6 अक्टूबर (सन्यूस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2018 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभावशील हो गई है। जिले के विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव हेतु 16 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित की गई है तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर रखी गई है। मतदान 12 नवम्बर को होगा और मतगणना 11 दिसम्बर को की जाएगी। विधानसभा चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया 13 दिसम्बर तक पूर्ण होगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अय्याज तंबोली ने सभी शासकीय सेवकों, राजनैतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी कर्मी निष्पक्ष रहें और निष्पक्ष भाव से चुनाव कार्य संपादित करें। किसी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिएए जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों को बढ़ाये या तनाव पैदा करे।

मस्जिदों, गिरजाघरों, मंदिरों या पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

किसी भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को झण्डा खड़ा करने, बैनर टांगने, सूचनाएं चिपकाने, नारे लिखने आदि के लिए किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते, दीवार आदि का उसकी सहमति के बिना उपयोग करने की अनुमति अपने अनुयायियों को नहीं देनी चाहिए। राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं जुलूसों आदि में बाधाएं उत्पन्न न करें या उन्हें भंग न करें।

राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को किसी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में सक्षम अधिकारी से पूर्व से ही उपयुक्त समय पर अनुमति लेनी चाहिए ताकि उनके द्वारा यातायात को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा सके।

सहायक कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

जगदलपुर 6 अक्टूबर (सन्यूस)। कलेक्टर डॉ. अय्याज तंबोली ने आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन हेतु सहायक कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जिनका आदर्श आचरण संहिता संबंधी शिकायत उनके दूरभाष क्रमांक 07782.224557 पर भी की जा सकती है। चुनाव से जुड़ी शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप्प लांच किया गया है। इस एप्प की मदद से शिकायतकर्ता आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी कोई भी सूचना को अपना नाम गुप्त रखते हुए भी आयोग को बता सकते हैं। नागरिक खुद भी देख सकेंगे कि उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई।

गर्भवती और नवजात शिशुओं के लिए बनेगा सर्वसुविधा युक्त अलग वार्ड

जिला महारानी अस्पताल के कायाकल्प की तैयारी

जगदलपुर 6 अक्टूबर (सन्यूस)। मेडिकल कॉलेज को डिमरापाल में शिफ्ट करने के बाद जिला महारानी अस्पताल की व्यवस्था परी से उतर गई है । जिला अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकर रह गया है। अस्पताल की दशा सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। अलग से सर्वसुविधा युक्त शिशु वार्ड के साथ आपातकालीन वार्ड, ब्लड बैंक और टीबी वार्ड बनाने के साथ कायाकल्प करने की योजना तैयार कर लिया गया है।

जिला महारानी अस्पताल शहर के बीच स्थित होने के कारण मरीज सबसे पहले यहीं पहुंचते हैं लेकिन मरिजो को बेहतर सुविधा नहीं मिल रही है। विशेषज्ञ डॉक्टर, स्टाफ और संसाधन की कमी के चलते मरीज को औपचारिक भर्ती करने के बाद रिफ्र कर रहे हैं। अधिकांश मरीजों को ओपीडी या आपातकालीन में देखकर ही वापस भेजा जा रहा है। इस प्रकार मेडिकल कॉलेज के अलग होने के बाद महारानी अस्पताल की हालत खराब हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने महारानी अस्पताल को भी सर्वसुविधा युक्त बनाने की निर्देश दिये हैं। इसके आधार पर जिला अस्पताल के ऊन्नयन की योजना तैयार हो रही है। शीघ्र ही महारानी अस्पताल का कायाकल्प होगा। अलग से सर्वसुविधा युक्त शिशु वार्ड के साथ आपातकालीन वार्ड, ब्लड बैंक और टीबी वार्ड बनाने के साथ चुजुर्गों के लिए भी अलग वार्ड होगा। वही डीआईसी सेन्टर बनाने की भी तैयारी कर ली गई है। यहा फिजियो, कान, स्पीच थैरपी और सायको भी होगा। जिला अंधत्व निवारण समिति के ओटी सामने पुराना आपातकालीन वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं ईएनटी के लिए भी अलग वार्ड होगा।

सीएमएचओ डॉ देवेन्द्र नाग ने बताया कि तीन विशेषज्ञ डॉक्टर और 20 स्टाफ नर्स की भर्ती कर लिया गया है। 30 जनवरी तक अस्पताल के कायाकल्प करने की तैयारी कर ली गई है।

पुलिस ने जब्त किया 1 लाख 4 हजार रूपए का अवैध शराब

जगदलपुर 6 अक्टूबर (सन्यूस)। दरभा पुलिस ने 1 लाख 4 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की है। दरभा थाना प्रभारी लाल जी सिन्हा के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की ग्राम गंगनार, इरलाभाटा निवासी जगत कश्यप अपने जनरल स्टोर्स में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है । देर शाम पुलिस की टीम ने छापे मारी के दौरान जनरल स्टोर्स में रखे 24 सफेद रंग की पेटी जब्त की । चेकिंग के दौरान बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतलें मिली। जब्त शराब की कीमत 1 लाख 4 हजार रुपये आंकी जा रही है ।

फ्लिहाल पुलिस ने आरोपी जगत के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(2) के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि आरोपी जगत काफी लंबे समय से अवैध रूप से शराब बेच रहा था, जिसके बाद पुलिस ने आज छापेमार कार्यवाही कर आरोपी को अवैध रूप से शराब बेचते गिरफ्तार कर लिया ।

दो मोटर सायकलो की टक्कर में एक की मौत तीन घायल

जगदलपुर, 6 अक्टूबर (सन्यूस)। सरगीपाल, नियानार मार्ग पर शुक्रवार शाम रेसिंग और स्टंट कर रहे दो युवकों की बाइक की चपेट में आने से एक दंपत्ति के पति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। इधर ग्रामीणों ने अपना नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि शहर के युवकों द्वारा ये मौत का तांडव लगभग रोज़ाना खेला जाता है जिसकी चपेट में ये दंपत्ति आ गये।

बोधघाट थाना के एसआई मनोज तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दंपत्ति नियानार की ओर से किसी दुख कार्य को सम्पन्न कर वापस अपने गृहग्राम बस्तर लौट रहे थे। तभी इस मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे स्टंट करते दो शहरी युवकों की एक बाइक क्रमांक सीजी 17 केएफ 5583 ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं पति जानकी राम सेठिया उम्र 45 वर्ष का सर फटने से मौके पर ही मौत हो गयी। घटना 5 अक्टूबर की शाम लगभग 7:45 बजे की बताई जा रही है।

इधर मृतक की पत्नी और दोनों युवकों को स्थानीय एमपीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पत्नी और एक युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। वहीं दूसरा युवक गंभीर है। साथ ही यातायात विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाहियां और परिजनों को समझाइश जारी है। बावजूद, फिल्मी अंदाज में इन युवकों द्वारा अपने वाहनों से मौत का स्टंट करने का सिलसिला कम होने का नाम नही ले रहा है। कुछ दिनों पूर्व भी धरमपुरा मार्ग पर एक कार रेसर से संबंधित खबर प्रकाशित की गई थी। विभाग को जानकारी होने के बावजूद भी उक्त रेसर अथवा उसके परिजनों से एक बार चर्चा करना भी मुनासिब नही समझा गया।

मीजल्स रूबैला टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

जिले के 9 माह से 15 वर्ष आयु वर्ग के 2 लाख 51 हजार 843 बच्चो का लक्ष्य

जगदलपुर 6 अक्टूबर (सन्यूस)। जिले में मीजल्स रूबेला टीकाकरण महाभियान का शुभारंभ 6 अक्टूबर को शासकीय महात्मा गांधी स्कूल में क्षेत्रीय विधायक संतोष बाफना की उपस्थिति में किया गया। जिले के 2 लाख 51 हजार बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान 19 दिसम्बर तक चलेगा।

शुभारंभ अवसर पर विधायक संतोष बाफना ने अपने सम्बोधन में स्वास्थ्य से जुड़े समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि विकास कार्य के साथ जनता के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया है। उन्होंने सीएमएचओ समेत समस्त स्वास्थ्य विभाग की टीम को एमआर टीकाकरण की शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं दी।

डॉ जीसी शर्मा डीएमओ और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सी मैत्री ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले तमाम टीकाकरण की आवश्यकताओं को समझाया।

उन्होंने बच्चों से कहा कि इन टीकों अथवा परीक्षण से डरने या घबराने की बजाय आगे आकर टीकाकरण व रक्त परीक्षण कराना चाहिए, क्योंकि इनसे बीमारियों के संक्रमण के खतरों से मुक्ति मिलती है ।

सैलेरी बचत खाते पर दुर्घटना बीमा का प्रावधान, सिपाही की पत्नी को मिला 5 लाख

जगदलपुर 6 अक्टूबर (सन्यूस)। भारतीय स्टेट बैंक में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का वेतन बचत खाता होने पर उस खाताधारक के लिए वाहन दुर्घटना बीमा का प्रावधान है। खाताधारक का आकस्मिक वाहन दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर इस योजना का लाभ परिवार वालों को दिया जाता है। पुलिस विभाग में पदस्थ एक सिपाही की सड़क दुर्घटना के बाद परिजनों को बैंक द्वारा 5 लाख रूपए का बीमा चेक दिया गया।

बस्तर में तैनात सहायक आरक्षक निर्मल पटेल की वाहन दुर्घटना में 12 जून 2018 को मृत्यु हो गई थी। पुलिस अधीक्षक बस्तर डी. श्रवण के मार्गदर्शन पर उनके परिवार वालों को जागरुक कर इस योजना की जानकारी देकर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण कर भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा जगदलपुर में प्रकरण प्रस्तुत किया गया । भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा जगदलपुर के द्वारा श्रीमती पटेल को रू 5,00,000 का चेक पुलिस अधीक्षक डी श्रवण के माध्यम से दिया गया।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए मृतक का बैंक पासबुक की छाया प्रति, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पुलिस जांच प्रतिवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छाया प्रति तथा योजना के लाभ लेने वाले परिवार के सदस्य का बैंक पासबुक की छाया प्रति पैन कार्ड एवं आधार कार्ड संबंधित बैंक में प्रस्तुत करने पर बैंक के द्वारा दिए गए प्रपत्र की पूर्ति कर 60 दिवस के अंदर बैंक में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। किसी भी मासिक वेतन धारी का खाता भारतीय स्टेट बैंक में होने पर इस योजना का लाभ लिया जा सकता है।

सद्भावना संगम की विचार संगोष्ठी आयोजित

सदभावना सहायता केंन्द्र हेतु गठित होगी समिति

जगदलपुर 6 अक्टूबर (सन्यूस)। राजीव गांधी फाऊण्डेशन द्वारा स्थानीय एक होटल के सभाकक्ष में सद्भावना संगम विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियो ने शामिल होकर वर्तमान परिस्थिति में देश में सभी समाज के लोगो में सद्भावना स्थापित करने के उपायो पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इसके लिए सद्भावना सहायता केन्द्र स्थापित करने के लिए स्थानीय कमेटी गठित किये जाने का निर्णय लिया गया।

संस्था के उदेश्य के संबंध में बताते हुए दिल्ली से आए फाऊण्डेशन के एम मिश्रा ने बताया कि आज देश के अनेक क्षेत्रो में अराजकता, भय, एक दुसरे पर अविश्वास, अनुशासनहीनता, अनैतिकता एवं छोटी छोटी बातो पर आक्रोशित होने की घटनाए बढ रही है। समाज को जातियों और धर्म में बांटने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी गंगा-जमुनी हायता का पतन हो रहा है। यह राष्ट्र और समाज के लिए चिंता का विषय है, संस्था का प्रयास है कि समय - समय पर विषय विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों और अनुभवी समाज सेकियो बीच उपस्थित होकर सर्व जन कल्याण की भावना के साथ देश के विकास का मार्ग प्रशस्त किये जाने का प्रयास किया जाये। सद्भावना संगम इसी दिशा में प्रथम मील का पत्थर है।

संगोष्ठी में पदमश्री धर्मपाल सैनी, सुशील पाण्डे, विवेक जैन, फ्रफुल मिश्रा, मनोहर लुमिया एवं अन्य लोगों ने इस संदर्भ में अपनी बातें एवं सुझाव रखे।

संगोष्ठी में सदभावना समिति गठन किए जाने का निर्णय लिया गया जो जरूरत पड़ने से मौके पर पहुंचकर बिगड़ते माहौल में सदभावना का संदेश देकर उसे शांत करने का प्रयास करेगी।

पांच नक्सलियों ने किया सीआरपीएफ मुख्यालय में आत्मसमर्पण

जगदलपुर, 6 अक्टूबर (सन्यूस)। सीआपीएफ की 80 वीं वाहिनी स्थानीय मुख्यालय में 6 अक्टूबर को पांच बारसूर एरिया कमेटी के सदस्यों ने बटालियन के कमांडेंट अमिताभ कुमार के समक्ष आत्म समर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 10 हजार रूपये नगद के साथ कपड़े एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामान करते हुए नक्सलियों को समाज के मुख्यधारा में जुड़ने की बधाई दी गई।

इस अवसर पर कमांडेंड अमिताभ कुमार ने बताया कि बस्तर संभाग के दूरवर्तीय गांव में रहने वाले आदिवासी समुदाय की मानसिकता अब बदल चुकी है। वे भी समाज के साथ जुड़कर देश के कल्याण एवं विकास में अपनी भागीदारी निभाना चाहते हैं। सरकार भी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुर्नवास नीति के तहत सुविधाएं प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि दूरस्त अंचलों में पुलिस एवं सीआरपीएफ के द्वारा चलाये गये सामुदायिकत पुलिसिंग के तहत स्वास्थ्य सुविधा एवं उन्हें पहुंचायी जाने वाली मदद के चलते संभव हो सका है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में बलीराम कश्यप, निर्धत यादव, हिड़मा, सकाराम कश्यप, सुकमन यादव शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने 2009 में नक्सली संगठन में शामिल होने के बाद विलास सचिव बारसूर एरिया कमेटी सुमीत्रा, सदस्य कुआनार एरिया कमेटी, गणेश जयमन, धरसु, कोसो, रेजु, नासिब हेमलाल, एवं अन्य 30-40 माओवादियों के साथ कुदुर व माड़ क्षेत्र में जनमिलिशिया के सदस्यों के साथ अनेक नक्सली वारदातों में शामिल थे। इस दौरान सीएपफ हेमसागर सिंदार,सीआरपीएफ के द्वितीय कमांडेंड अधिकारी हरीमोहन मिश्रा, उप कमांडेंड फिलिप तिर्की, सहायक कामांडेंड नंदलाल मीणा के साथ अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

गुमटी बेचना है
लोहे की बनी गुमटी (दुकान) अच्छी कंडीशन में इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
मीरा स्टूडियो
कुम्हारपारा रोड, जगदलपुर
मो.-9425261628

गुप्त रोगी सम्पर्क करें
शर्तिया इलाज स्त्री-पुरुष, गुप्त रोग, शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, कमजोरी, नपुंसकता, टेंशपन का मशीनों द्वारा
जांच गारंटी के साथ शर्तिया इलाज
संपर्क- डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पीटल, आर.एल.एस. मार्केट, पावर हाऊस, बस स्टैण्ड के पीछे भिलाई
प्रतिदिन सुबह 9 से 5 बजे रविवार 9 से 2
सावधान: डॉ. अहमद जे. जे. हॉस्पिटल के नाम अन्य कोई भी शाखा नहीं है. मिलते-जुलते नाम से धोखा न खाएं. पेपर कटिंग साथ में लायें.
जे.जे. हॉस्पिटल 0788-2296252, 9098889899

मुद्रक व प्रकाशक तुषार कोंदो वोरा द्वारा मालिक तुषार कोंदो वोरा के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार कम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार कम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : संपादक - श्रीमती मणिकुंतला वोरा
कार्यकारी संपादक - भिलखप वोरा Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Raipur Office : Aashirwad Bhavan, Ram Mandir Road, Byron Bazar, Raipur - 492001 (C.G.)